CFA

FIRE RESCUE VICTORIA

cfa.vic.gov.au/languages

क्या मैं कैम्पफायर (अलाव) जला सकता हूँ?

इससे पहले कि आप कैम्पफायर (अलाव) जलाएँ, निम्नांकित की जाँच कर लें:

- क्या आग के ख़तरे की अवधि (Fire Danger Period) लागू है?
- क्या आग जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध दिवस (Total Fire Ban Day) का आव्हान किया गया है?

साल का कौन सा समय है और आप कहाँ कैम्पिंग कर रहे हैं, उस आधार पर कैम्पफायर (अलाव) जलाने के बारे में नियम अलग-अलग हो सकते हैं।

आग के ख़तरे की अवधियाँ (Fire Danger Periods)

आगे के ख़तरे की अवधि (Fire Danger Period) के दौरान जब तक आप इन नियमों के बारे में मालूम नहीं कर लेते हैं, तब तक आप कैम्पफायर (अलाव) नहीं जला सकते हैं।

- हवा की गति 10 किमी/प्रति घंटा से कम होना आवश्यक है। अगर हवा के साथ पत्ते इधर-उधर उड़ रहे हैं, तो आग नहीं जलाएँ।
- कैम्पफायर (अलाव) केवल इन्हीं में जलाई जा सकती है:
  - पत्थर, धातु या कंक्रीट से भली-भाँति निर्मित फायरप्लेस में।
  - या कम से कम 30सेमी गहरे एक गड्ढे में।
- यह ज़रूरी है कि कैम्फायर (अलाव) 1 मीटर बाय 1 मीटर से ज़्यादा बड़ी नहीं हो।
- यह ज़रूरी है कि आग के आसपास 3 मीटर तक या आग के ऊपर, आग में जल सकने वाली कोई भी चीज़ नहीं हो
- आग को कभी भी अकेले जलता न छोड़ें। एक ऐसे व्यस्क व्यक्ति का हमेशा आग के पास होना ज़रूरी है जो आग को पूरी तरह से बुझा कर पानी से ठंडा कर सके।
- आप वहाँ से जाएँ उससे पहले कैम्पफायर (अलाव) को पूरी तरह बुझाकर पानी से ठंडा करना अनिवार्य है।

यदि आप किसी राजकीय जंगल या राष्ट्रीय उद्यान में हैं, तो कुछ अन्य नियम ऐसे हो सकते हैं जिनके बारे में आपको मालूम होना चाहिए।

आग जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध वाले दिनों (Total Fire Ban Days)

आग जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध वाले दिनों (Total Fire Ban Days) में आप कैम्पफायर (अलाव) नहीं जला सकते हैं।

cfa.vic.gov.au/languagesपर जाएँ।

और अधिक जानने के लिए इस क्यूआर कोड को स्कैन करें।
साथ मिलकर हम आग से सुरक्षित रह सकते हैं।